Shree Ram Sharnam,
International Spiritual Centre
8A, Ring Road, Lajpat Nagar - IV,
New Delhi - 110 024, INDIA

तुझसे हमने दिल है लगाया

तुझसे हमने दिल है लगाया जो कुछ है सो तू ही है,
हर दिल में तू ही है समाया जो कुछ है सो तू ही है ॥

तू धरती है तू ही अम्बर, तू पर्बत है तू ही सागर,
कठपुतले हम, तू नट नागर, जड़ चेतन सब ही को नचाया ॥
जो कुछ है सो तू ही है . . .

साँस-साँस में आता जाता, हर धड़कन में याद दिलाता,
तू ही सबका जीवन दाता, रोम-रोम में तू ही समाया ॥
जो कुछ है सो तू ही है . . .

बजा रहा है मधुर मुरलिया, मन वृन्दावन में साँवरिया,
सबको बना दिया बावरिया, स्वर में ईश्वर दरस कराया ॥
जो कुछ है सो तू ही है . . .

www.shreeramsharnam.org / www.ibiblio.org/ram